NCERT SOLUTIONS

CLASS - 7th



aglasem.com

Class : 7th

Subject : इतिहास

Chapter : 2

Chapter Name : नए राजा और उनके राज्य

Q1 जोड़े बनाओ :

गुर्जर-प्रतिहार	पश्चिमी दक्कन
राष्ट्रकूट	बंगाल
पाल	गुजरात
चोल	तमिलनाडु

Answer.

गुर्जर-प्रतिहार	गुजरात
राष्ट्रकूट	पश्चिमी दक्कन
पाल	बंगाल
चोल	तमिलनाडु

Page : 28 , Block Name : फिर से याद करें

Q2 'त्रिपक्षीय संघर्ष' में लगे तीनों पक्ष कौन-कौन से थे?

Answer. त्रिपक्षीय संघर्ष में लगे तीन पक्ष गुर्जर-प्रतिहार, राष्ट्रकूट और पाल वंश के शासक थे।

Page : 28 , Block Name : फिर से याद करें

Q3 चोल साम्राज्य में सभा की किसी समिति का सदस्य बनने के लिए आवश्यक शर्तें क्या थीं?

Answer. चोल साम्राज्य में सभा किसी समिति की सदस्यता के लिए निम्नलिखित शर्तें थीं :-

➔ उनके पास घर होना चाहिए।

➔ उनकी उम्र 35 से 70 के बीच होनी चाहिए।

➔ उन्हें वेदों का ज्ञान होना चाहिए।

➔ उन्हें प्रशासनिक मामलों की अच्छी जानकारी होनी चाहिए।

➔ अगर कोई पिछले तीन सालों में किसी दूसरी समिति का सदस्य रहा है तो वह किसी और समिति का सदस्य नहीं बन सकता।

➔ जिसने अपने और अपने संबंधियों के खाते जमा नहीं कराए, वह चुनाव में हिस्सा नहीं ले सकते।

Page : 28 , Block Name : फिर से याद करें

Q4 चाहमानों के नियंत्रण में आने वाले दो प्रमुख नगर कौन-से थे?

Answer. चाहमानों के नियंत्रण में आने वाले दो प्रमुख नगर :-

➔ गुजरात

➔ उत्तरप्रदेश

Page : 28 , Block Name : फिर से याद करें

Q5 राष्ट्रकूट कैसे शक्तिशाली बने?

Answer. प्रारंभ में राष्ट्रकूट चालुक्यों के अधीन थे। आठवीं सदी में एक राष्ट्रकूट प्रधान दंतिदुर्ग ने अपने चालुक्य स्वामी से युद्ध किया और उन्हें हरा दिया। दंतिदुर्ग ने जीतने के बाद हिरण्यगर्भ नामक अनुष्ठान करवाया। इस अनुष्ठान को ब्राह्मण करते थे तथा इसके करने से यह होता था कि यज्ञ करवाने वाला क्षत्रिय ना होते हुए भी क्षत्रिय बन जाते थे।

इस प्रकार राष्ट्रकूट एक शक्तिशाली साम्राज्य बना और भारत की कला, संस्कृति व समाज में अहम योगदान दिया।

Page : 29 , Block Name : आइए समझें

Q6 नये राजवंशों ने स्वीकृति हासिल करने के लिए क्या किया?

Answer. नये राजवंशों ने स्वीकृति हासिल करने के लिए निम्नलिखित काम किए :-

➔ राजाओं के सामंत के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए राजवंशो के लिए उपहार लाना , दरबार में हाज़िरी लगानी पड़ती थी।

➔ अधिक सत्ता और संपदा हासिल करने के बाद सामंत अपने आप को महासामंत, महामंडलेश्वर घोषित कर देते थे।

➔ नये राजवंश अपने स्वामी के आधिपत्य से स्वतंत्र होने का दावा किया।

➔ कुछ लोगों ने राजा बनने के लिए सैन्य कौशल का भी सहारा लिया।

Page : 29 , Block Name : आइए समझें

Q7 तमिल क्षेत्र में किस तरह की सिंचाई व्यवस्था का विकास हुआ?

Answer. चोल साम्राज्य ने तमिल क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था का काफी विकास किया था। कृत्रिम रूप से सिंचाई के लिए भी उन्होंने कहीं पद्धति अपनाई।

1. उन्होंने पानी एकत्रित करने के लिए कुएं खुदवाये।
2. सरोवर और तालाब बनवाए।

3. सिंचाई योजना बनाकर की जाती थी, जिसमें गांव के लोग व प्रशासन साथ देते थे।

Page : 29 , Block Name : आइए समझें

Q8 चोल मंदिरों के साथ कौन-कौन सी गतिविधियों जुड़ी हुई थीं?

Answer. चोल साम्राज्य में मंदिर, नगरों व उसके आसपास के केंद्र होते थे। मंदिरों को अनेक प्रकार के दानवीरों से भूमि दान में मिल गई थी। मंदिरों में शिल्प कला का विकास भी हुआ। मंदिर में पूजा तो होती ही थी पर कई और गतिविधियां भी होती थीं-

- मंदिर आर्थिक व सामाजिक जीवन के केंद्र थे।
- मंदिर में कांसे की प्रतिमाओं का निर्माण भी होता था।
- अधिकतर देवी-देवताओं की मूर्तियां होती थी पर कुछ भक्तों की प्रतिमाएं भी देखने को मिलती हैं।

Page : 29 , Block Name : आइए समझें

Q 9. मानचित्र एक को दोबारा देखें और तलाश करें जिस प्रांत में आप रहते हैं उसमें कोई पुरानी राजशाहियाँ (राजाओं के राज्य) थीं या नहीं।

Answer- छात्र स्वयं करें

Page : 29 , Block Name : आइए विचार करें

Q 10. जिस तरह के पंचायती चुनाव हम आज देखते हैं उनसे उत्तरमेरुर के चुनाव किस तरह से अलग थे।

Answer- आधुनिक भारत में पंचायत के चुनाव उत्तरमेरुर के चुनाव से इस प्रकार काफी अलग थे-

- आज ग्राम सभा का सदस्य बनने के लिए 18 वर्ष से ऊपर होना आवश्यक होता है, जबकि उत्तरमेरुर में उम्र सीमा 35 से 70 वर्ष थी।
- वेदों का ज्ञान आवश्यक नहीं है पर उत्तरमेरुर में था।
- संपत्ति होना या न होना, मतदाता को चुनाव में मतदान करने या चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकता, पर उत्तरमेरुर में भूस्वामी व वह व्यक्ति जिसके पास अपना घर हो, वही सभा के सदस्य बन सकते थे।
- इस प्रकार हम कह सकते हैं कि आज के पंचायती चुनाव प्राचीन काल में उत्तरमेरुर के चुनावों से काफी भिन्न होते थे।

Page : 29 , Block Name : आइए विचार करें

Q 11. इस अध्याय में दिखलाए गए मंदिरों से अपने आसपास के किसी मौजूदा मंदिर की तुलना करें और जो समानताएं या अंतर आप देख पाते हैं, उन्हें बताएं।

Answer. छात्र स्वयं करें।

Page : 29 , Block Name : आइए करके देखें

Q 12. आज के समय में वसूली जाने वाले करों के बारे में और जानकारी हासिल करें। क्या ये नकद रूप में हैं, वस्तु के रूप में हैं या श्रम सेवाओं के रूप में?

Answer. छात्र स्वयं करें ।

Page : 29 , Block Name : आइए करके देखें